# भारत में मेघगर्जन-वज्रपात का खतरा

- अगले सात दिन बारिश का अनुमान
- देश के अलग-अलग राज्यों में हो रही है तेज बरसात

**नईदिल्ली, 31 जुलाई. दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में अगले दो घंटों के दौरान हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार लोनी देहात, हिंडन वायुसेना स्टेशन, गाजियाबाद, इंदिरापुरम, छपरौला, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गुरुग्राम, फरीदाबाद के इलाकों में बारिश का अनुमान है।**

मौसम विभाग ने बताया कि सुबह न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस रहा और दिन का अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की उम्मीद है। पिछले कई दिनों में राजधानी में हुयी भारी बारिश से दिल्लीवासियों को अनेक स्थानों पर जलभराव और यातायात जाम की समस्या का सामना करना पड़ा। जिन इलाकों में सबसे अधिक जलभराव हुआ, उनमें आईटीओ, यमुना एक्सप्रेसवे, दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे, धौला कुआं, नेहरू प्लेस, कैलाश कॉलोनी रोड, पटेल नगर, विजय चौक, जंगपुरा, आरके पुरम, लाजपत नगर और महरौली-गुड़गांव रोड शामिल हैं। मौसम विभाग ने दिल्ली-एनसीआर में पांच अगस्त तक हल्की से मध्यम स्तर की बारिश का अनुमान लगाया है।



### हिमाचल में तबाही, रामपुर कुट में बादल फटा

शिमला 31 जुलाई. हिमाचल प्रदेश में शिमला जिले के रामपुर उपखंड के कुट पंचायत में बादल फटने से अचानक आयी बाढ़ के कारण एक पुल और कई बिजली के खंभे बह गए। प्राप्त जानकारी के मुताबिक बादल फटने की घटना से क्षेत्र में संपर्क टूट गया और बिजली आपूर्ति बाधित हो गई, हालांकि किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। बचाव दल और स्थानीय प्रशासन घटनास्थल पर पहुँचे और राहत अभियान शुरू कर दिया। ग्रामीणों को सुरक्षित निकाल लिया गया है और संचार एवं बिजली बहाल करने के प्रयास जारी हैं।

उत्तर प्रदेश के जालौन में गुरुवार को यमुना नदी के जलस्तर में लगातार वृद्धि से उत्पन्न संभावित बाढ़ संकट को देखते हुए जिला प्रशासन ने प्रभावी कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। बिहार मौसम विज्ञान केंद्र का आकलन है कि अगले 48 घंटे के दौरान राजधानी पटना समेत बांका, भागलपुर, बेगूसराय, वैशाली, सारण, भोजपुर, बक्सर, शेखपुरा, नवादा, नालंदा, गया, औरंगाबाद और अरवल जिलों में भारी बारिश होने की संभावना है। केंद्र का आकलन है कि 65 से 115.5 मिमी तक बारिश हो सकती है।

# नेपाल में बारिश से तबाही, 43 की मौत

बाढ़ और भूस्खलन से 16 नागरिक लापता

बिजली गिरने से नेपाल में 14 की मौत, 95 घायल



**काठमांडू, 31 जुलाई. नेपाल में इस साल मानसून का मौसम शुरू होने के बाद से बारिश के कारण आयी आपदाओं में 43 लोगों की जान जा चुकी है और 116 अन्य घायल हुये हैं.**

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने बुधवार शाम एक रिपोर्ट में कहा कि मानसूनी बारिश से आयी 569 आपदाओं के चलते 16 लोग अभी भी लापता हैं.बाढ़ के कारण 15 लोगों की जान गई और सात घायल हुए. बिजली गिरने से 14 लोगों की मौत हुयी और 95 घायल जबकि भूस्खलन से 14 लोगों की मौत हुयी है. रिपोर्ट में कहा गया है, यह नुकसान पिछले साल की तुलना में कम है, जब मानसून शुरू होने के दो महीनों में 177 लोगों की मौत हो गयी थी और 182 लोग घायल हुए थे. नेपाल में मानसून का मौसम आमतौर पर अक्टूबर की शुरुआत तक रहता है.

मानसून की वजह से आई बाढ़ और लैंडस्लाइड्स के चलते लापता हुए लोगों में से 16 लोग अभी भी नहीं मिले हैं। लापता लोगों की तलाश जारी है। मानसून की वजह से नेपाल में सिर्फ जान का ही नहीं, बल्कि माल का भी नुकसान हुआ है। इसके कारण कई घरों-इमारतों, व्हीकल्स और सड़कों को नुकसान पहुंचा है।

# पंजाब में शिक्षा की क्रांति शुरू : केजरीवाल

शहीद उधम सिंह की शहादत दिवस पर दी श्रद्धांजलि



केजरीवाल ने कहा कि आज पंजाब में शिक्षा की क्रांति चल रही है। पहले सरकारी स्कूल इतने जर्जर थे कि गरीबों के बच्चों का कोई भविष्य नहीं दिखता था, लेकिन अब वही बच्चे आईआईटी में पढ़ रहे हैं, डॉक्टर, इंजीनियर और वकील बन रहे हैं। पंजाब के लोगों ने कभी सोचा भी नहीं था कि एक सरकार ऐसा भी कर सकती है। ये असली बदलाव है। शहीद-ए-आज़म भगत सिंह और शहीद उधम सिंह जैसे अनगिनत वीरों ने हंसते-हंसते देश की आज़ादी के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। आज़ादी के बाद 75 वर्षों में सत्ता में रहीं पार्टियों ने देश को सिर्फ़ लूटा, लेकिन अब पंजाब उस रास्ते पर बढ़ चला है जिसकी कल्पना हमारे शहीदों ने की थी।

**संगरूर, 31 जुलाई. शहीद उधम सिंह के शहीदी दिवस पर गुरुवार को संगरूर जिले के सुनाम में राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें सीएम भगवंत मान और आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल प्रोग्राम मुख्य मेहमान के रूप में पहुंचे।**

केजरीवाल बोले सरदार उधम सिंह जी ने जलियांवाला बाग हत्याकांड के 21 साल बाद अंग्रेज अफसर डायर का कत्ल किया और हंसते-हंसते शहादत को स्वीकार किया। आज उनके शहादत दिवस के मौके पर कार्यक्रम में शामिल होना बेहद सम्मान की बात है। शहीद उधम सिंह जी ने जिस तरह जलियांवाला बाग हत्याकांड का बदला लिया वो उनके अदम्य साहस और देशभक्ति को दर्शाता है।आज सरदार उधम सिंह जी के शहादत दिवस पर उनके पैतृक नगर सुनाम स्थित संग्रहालय पहुंचकर अमर शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित की।पहले की सरकारें कहती थीं कि पैसा नहीं है। लेकिन हमनें कभी ये नहीं कहा। आज सुनाम में कई कामों की शुरुआत हुई। पंजाब में वही बजट हमारे पास है, वही अफसर हैं, बस सरकार चलाने वाले बदल गए हैं। अब ईमानदार आम आदमी पार्टी की सरकार है, जो आपके टैक्स का एक-एक पैसा बचाकर, आपके कामों में लगा रही है।

## झा बोले- कांग्रेस अब माफी मांगे

**रायपुर, 31 जुलाई.** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मीडिया सलाहकार पंकज झा ने मालेगांव ब्लास्ट मामले में साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर समेत सभी आरोपियों के अदालत से बरी होने के बाद तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि 'भगवा आतंक' शब्द गढ़ने वालों को जवाब देना चाहिए. झा ने अपनी पोस्ट में लिखा,आज 17 वर्ष बाद भारत की पूज्य साध्वी प्रज्ञा समेत सभी आरोपी मालेगांव ब्लास्ट मामले में बरी हुए हैं. कांग्रेस ने 'भगवा आतंक' शब्द को स्थापित करने के लिए इन्हें फंसाया था, और अब यह साक्ष्य के साथ स्थापित हो गया ह. उन्होंने लिखा कि साध्वी प्रज्ञा ने जो यातनाएं झेली, उन्हें जानकर किसी के भी रोंगटे खड़े हो सकते हैं.

# भक्ति से जनचेतना जगाते थे तुलसीदास : योगी

- संत तुलसीदास के जयंती समारोह का आयोजन

**चित्रकूट, 31 जुलाई. धार्मिक नगरी चित्रकूट में संत तुलसीदास के जयंती समारोह में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 500 वर्ष पूर्व जब इस गांव की स्थिति शायद साधनों के अभाव और कठिनाइयों से ग्रस्त रही होगी, ऐसे समय में एक दिव्य आत्मा ने जन्म लिया और बाल्यावस्था में ही प्रभु श्रीराम के चरणों में स्वयं को समर्पित कर दिया.**

योगी ने कहा कि उस कालखंड में जब अकबर का साम्राज्य विस्तार पर था और दरबार में जगह पाने की होड़ थी, तब तुलसीदास जी ने रामबोला



के रूप में खुद को किसी दरबारी की सेवा में नहीं बल्कि केवल प्रभु श्रीराम की भक्ति में समर्पित किया. योगी ने कहा कि जब देश के राजे-रजवाड़े विदेशी आक्रांता की अधीनता स्वीकार कर रहे थे, उस समय तुलसीदास जैसे संत भक्ति और शक्ति के अद्भुत संगम के रूप में जनचेतना को जाग्रत कर रहे थे. उन्होंने प्रतिकार का मार्ग तलवार नहीं, रामलीला और रामचरितमानस के माध्यम से चुना.

**सीएम ने रामभद्राचार्य और मुरारी बापू की सराहना की**

मुख्यमंत्री ने रामजन्मभूमि आंदोलन के संदर्भ में जगतगुरु रामभद्राचार्य जी महाराज के योगदान की भी चर्चा की और कहा कि जब प्रमाण मांगे गए तो उनके सामने महाराज जी ने धाराप्रवाह बोलना शुरू किया, तो वे भौचक्के रह गए. यही भगवान की सिद्धि है. उन्होंने पूज्य मुरारी बापू द्वारा आगामी रामकथा आयोजनों को प्रयागराज, अयोध्या और काशी में किए जाने की घोषणा का स्वागत करते हुए कहा कि राम नाम का स्मरण कर हर कोई अपने जन्म को धन्य करेगा. उन्होने अपनी मॉरीशस यात्रा का भी उल्लेख करते हुए बताया कि गुलामी के काल में जब पूर्वजों को वहां मजदूरी के लिए ले जाया गया, तब उनका एकमात्र सहारा तुलसीदास जी की रामचरितमानस थी. वे पढ़े-लिखे नहीं थे, लेकिन मानस के माध्यम से उन्होंने अपनी संस्कृति को जीवित रखा. उन्होंने कहा कि आज वहीं के मजदूरों के वंशज राष्ट्राध्यक्ष बने हैं और घरों में पूजा के केंद्र में अब भी रामचरितमानस ही है. मुख्यमंत्री ने पूज्य संतों को विवादों से जोड़ने वाले लोगों पर भी करारा प्रहार किया. उन्होंने कहा कि कुछ लोग जानबूझकर पूज्य संतों को विवादित करने की कोशिश करते हैं. मुख्यमंत्री ने उस समय की राजनीतिक चालबाजियों की ओर भी संकेत किया. उन्होंने कहा कि अकबर ने अपने शासन का एक सॉफ्ट चेहरा प्रस्तुत किया.

## एक नजर में



### टोक्यो में चीनी नागरिकों पर हमला, चीन सख्त

**बीजिंग/टोक्यो, 31 जुलाई.** चीन ने टोक्यो में दो चीनी नागरिकों की गंभीर रूप से पिटाई की रिपोर्टों पर जापानी पक्ष से चीनी नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी उपाय लागू करने का आग्रह किया है. गौरतलब है कि आज सुबह टोक्यो में चार लोगों ने दो चीनी नागरिकों पर हमला किया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए. विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने बीजिंग में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि चीन ने इन रिपोर्टों पर ध्यान दिया है और जापान स्थित चीनी दूतावास ने जापानी पक्ष के समक्ष अपनी चिंता व्यक्त की है. प्रवक्ता ने कहा, हम जापानी पक्ष से चीनी नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी उपाय करने का आग्रह करते हैं.

### रायपुर में सिख धरोहरों की पहली बार प्रदर्शनी

**रायपुर, 31 जुलाई.** सिख इतिहास की 450 वर्षों पुरानी दुर्लभ व पवित्र वस्तुओं का दर्शन अब छत्तीसगढ़वासियों के लिए संभव हो रहा है. इन ऐतिहासिक सामग्रियों को प्रसिद्ध इतिहासकार डॉ. भगवान सिंह खोजी द्वारा पंजाब से विशेष रूप से लाया गया है. यह आयोजन आज शाम गुरुद्वारा बाबा बुड्ढा जी साहब रायपुर के तेलीबांधा में आरंभ होगा. इस विशेष प्रदर्शनी में सिख गुरुओं से जुड़ी कई दुर्लभ वस्तुएं पहली बार सार्वजनिक रूप से प्रस्तुत की जा रही हैं. इनमें शामिल हैं. इस आयोजन का उद्देश्य न केवल श्रद्धालुओं को ऐतिहासिक धरोहर से रूबरू कराना है, बल्कि सिख संस्कृति और इतिहास से भी रूबरू कराएंगे. गुरु हरगोबिंद सिंह जी की कृपाण, ढाल व कमंडल,महाराजा रणजीत सिंह कालीन नानकशाही सिक्के गुरु हरगोबिंद साहिब जी की दुर्लभ तस्वीरें, गुरु गोविंद सिंह जी द्वारा पंच प्यारों को दिया गया हुक्मनामा साहिब, स्वर्ण स्याही में लिखी गई ग्रंथ पुस्तक माता दामोदर जी का पीढ़ा और रथ का युद्ध घंटा को प्रदर्शित किया जाएगा.

### बीआरएस ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का किया स्वागत

**हैदराबाद, 31 जुलाई.** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष के टी रामाराव (केटीआर) ने गुरुवार को उच्चतम न्यायालय के तेलंगाना विधानसभा अध्यक्ष को विधायकों के दलबदल के मामले में तीन महीने के भीतर फैसला देने के निर्देश का स्वागत किया। केटीआर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों को धन्यवाद देते हुए लिखा कि यह फैसला राजनीतिक दलबदल के खिलाफ पार्टी के रुख की पुष्टि करता है। उन्होंने कांग्रेस पर अध्यक्ष पद का दुरुपयोग करने और संविधान का मजाक उड़ाने का आरोप भी लगाया तथा इस फैसले को राज्य के 10 निर्वाचन क्षेत्रों में उपचुनावों की तैयारी का एक अवसर बताया.

# शाह ने विपक्ष का किया अपमान : खरगे

- राज्यसभा की कार्यवाही हंगामे के बीच स्थगित

**नई दिल्ली, 31 जुलाई. राज्य सभा में गुरुवार को हंगामे के कारण कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई. दूसरी बार के स्थगन के बाद दोहपर बाद दो बजे बैठक फिर शुरू होते ही विपक्ष की ओर से हंगामा शुरू हो गया.**



इस दौरान विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे प्रश्न काल के दौरान सदन के नेता जे पी नड्डा के उस बयान पर कुछ बोलना चाहते थे, जिसमें उन्होंने आपरेशन सिन्दूर पर सदन में हुई लंबी चर्चा पर गृह मंत्री अमित शाह के जवाब के दौरान विपक्ष के बहिर्गमन की आलेचना की थी. खरगे ने उप सभापति डॉ सस्मित पात्रा की अनुमति मिलने पर कहा कि वह नड्डा की इस बात से सहमत हैं कि 2008 में मुंबई के आतंकवादी हमले पर संसद में हुई चर्चा के दौरान उस समय राज्य सभा में तत्कालीन प्रधानमंत्री ने नहीं बल्कि गृह मंत्री ने जवाब दिया था. उन्होंने कहा कि कल विपक्ष का विरोध गृह मंत्री के इस कथन पर था, जिसमें उन्होंने हमारा यह कहते हुए अपमान किया कि वह विपक्ष से अकेले ही निपट लेंगे. उन्होंने प्रधानमंत्री की ओर संकेत करते हुए यह भी कहा, वह कहते हैं मैं अकेला ही सब पर भारी हूं.

## आज का इतिहास


| | |
|---|---|
| 1737 | वेल्स के राजकुमार फ्रेडरिक इंग्लिश कोर्ट से भाग निकला। |
| 1741 | चार्ल्स अल्बर्ट ने ऊपरी ऑस्ट्रिया और बोहेमिया पर हमला किया। |
| 1788 | मैरीलैंड अमेरिकी संविधान की पुष्टि करने वाला सातवां राज्य बना। |
| 1822 | एडिनबर्ग में आखिरी सार्वजनिक फांसी दी |
| 1848 | फ्रांस ने अपने उपनिवेशों से आखिरी गुलामों को भी मुक्त किया। |
| 1855 | अमेरिका के पहले पशु चिकित्सा कॉलेज की स्थापना बोस्टन में की |

# ट्रम्प बोले- भारत और रूस की अर्थव्यवस्था मृत

- अमेरिका का पाकिस्तान संग तेल विकास समझौता

**नई दिल्ली, 31 जुलाई. भारत और रूस के बीच दशकों पुराने सहयोग और मित्रता से बुरी तरह चिढ़े हुए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत पर 25 प्रतिशत आयात शुल्क और जुर्माना लगाने के बाद अब पाकिस्तान के तेल भंडार के विकास में सहयोग के लिए उसके साथ एक नया समझौता किया है।**

ट्रम्प ने भारत और रूस की अर्थव्यवस्थाओं को लेकर एक बहुत ही हताशा भरा बयान दिया है. उन्होंने कहा है कि दोनों अर्थव्यवस्थाएं मृत हैं. अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर बुधवार रात पाकिस्तान के तेल भंडार विकास समझौते की घोषणा की. उन्होंने लिखा कि पाकिस्तान



से एक नये व्यापार ढांचे को अंतिम रूप दे दिया गया है. इसका मकसद पाकिस्तान के अप्रयुक्त तेल भंडार विकसित करना और आयात शुल्क घटाना है. इस काम के लिए अमेरिकी तेल कंपनी का चयन अभी नहीं हुआ है. यह कंपनी पाकिस्तान के 'विशाल तेल भंडार' के विकास का काम करेगी. अमेरिकी राष्ट्रपति ने लिखा, हमने अभी-अभी पाकिस्तान के साथ एक समझौता किया है.

# गाजा में कुपोषण, नहीं थमी बच्चों की मौत

भुखमरी की भयावह स्थिति मरने वालों की संख्या 154

**दुबई 31 जुलाई. गाजा पट्टी में पिछले 24 घंटों में कुपोषण से सात और लोगों की मौत हो गई है. फिलिस्तीनी क्षेत्र में हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी है.**

बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार मंत्रालय ने बताया कि 2023 में इज़रायल-हमास युद्ध शुरू होने के बाद से कुपोषण से मरने वालों की कुल संख्या अब 154 हो गई जिसमें 89 बच्चे शामिल हैं. संयुक्त राष्ट्र समर्थित वैश्विक खाद्य सुरक्षा विशेषज्ञों ने मंगलवार को चेतावनी दी कि गाज़ा में अकाल की सबसे खराब स्थिति वर्तमान में चल रही



है. इज़रायल ने कहा है कि वह गाज़ा में आने वाली सहायता पर प्रतिबंध नहीं लगा रहा है, लेकिन उसका ये दावा यूरोप में उसके करीबी सहयोगियों, संयुक्त राष्ट्र और गाज़ा में सक्रिय अन्य एजेंसियों द्वारा स्वीकार नहीं किया गया हैं. इस बीच अमेरिका के विशेष दूत स्टीवविटकॉफ गुरुवार को गाजा संकट पर चर्चा करने इज़रायल की यात्रा पर जायेंगे. खाद्य संकट से बच्चे कमजोर हो रहे हैं और उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो रही है. गाजा के अस्पतालों में कुपोषण के कारण भर्ती बच्चों की संख्या लगातार बढ़

गाजा में खाना छोड़िए, पीने के साफ पानी की भी कमी है. यहां डायरिया, हैजा और अन्य संक्रमणों ने बच्चों के स्वास्थ्य को बुरी तरह प्रभावित किया है. पानी की कमी से स्वच्छता बनाए रखना भी नामुमकिन हो जाता है, जिससे महामारी का खतरा बढ़ जाता है.गाजा के बच्चों की विश्व समुदाय को मिलकर रास्ता निकालना चाहिए. वैचारिक टकराव कुछ भी हों, बच्चों को सुरक्षित और पर्याप्त भोजन, साफ पानी, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा उपलब्ध कराना न केवल एक मानवीय जिम्मेदारी है, बल्कि मानवता के भविष्य के लिए भी जरूरी है.

### फिलिस्तीन पर कनाडा के रुख से ट्रंप भड़के

**वाशिंगटन, 31 जुलाई.** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को कहा कि फ़िलिस्तीन को मान्यता देने के कनाडा के फ़ैसले से उसके साथ व्यापार समझौता करना मुश्किल हो जाएगा. विदित हो कि कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने कहा था कि कनाडा संयुक्त राष्ट्र महासभा के सितंबर सत्र में फिलिस्तीन को एक राष्ट्र के रूप में मान्यता देने का इरादा रखता है. ट्रम्प ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्रुथ पर कहा, वाह! कनाडा ने अभी घोषणा की है कि वह फिलिस्तीन को राष्ट्र का दर्जा देने का समर्थन कर रहा है. इससे हमारे लिए उनके साथ व्यापार समझौता करना बहुत मुश्किल हो जाएगा. ओह कनाडा जुलाई के मध्य में, कार्नी ने कहा था कि इस बात के बहुत कम प्रमाण हैं कि अमेरिका के साथ आयात शुल्क पर कोई समझौता हो सकता है. पिछले शुक्रवार को ट्रम्प ने इस वार्ता को लेकर निराशा जाहिर की थी. उधर कनाडा ने कहा कि अगर फिलिस्तीनी प्राधिकरण चुनाव कराने सहित कुछ बदलाव करने के लिए प्रतिबद्ध होता है, तो वह उसे राष्ट्र के रूप में मान्यता दे देगा.

मेल-मिलाप | यूएई रणनीतिक सहयोग पर फिर बनी सहमति

# भारत-यूएई साझेदारी को मिलेगा नया बल

**नई दिल्ली 31 जुलाई. भारत और संयुक्त अरब अमीरात ने द्विपक्षीय व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मज़बूत बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई है.**

प्रधानमंत्री कार्यालय ने गुरुवार को बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार देर रात संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति महामहिम शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से टेलीफोन पर बात की. दोनों नेताओं ने भारत और अमीरात के बीच द्विपक्षीय व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मज़बूत करने प्रतिबद्धता



दोहराते हुए द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति का सकारात्मक मूल्यांकन किया. उन्होंने दोनों देशों के लोगों के साझा लाभ के लिए सहयोग का दायरा बढ़ाने पर ज़ोर दिया. शेख मोहम्मद ने लंबे समय तक प्रधानमंत्री के रूप में देश की सेवा करने पर श्री मोदी को हार्दिक बधाई दी और राष्ट्र की सेवा में उनकी निरंतर सफलता की कामना की. प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति को उनकी शुभकामनाओं और भारत के लोगों के प्रति व्यक्त स्नेह के लिए धन्यवाद दिया.

**फिलीपींस राष्ट्रपति आएंगे**

फिलीपींस राष्ट्रपति फर्डिनेंड आर. मार्कोस जूनियर अगले महीने की चार तारीख को भारत की पांच दिन की राजकीय यात्रा पर आएंगे. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर हो रही इस यात्रा में उनके साथ प्रथम महिला मैडम लुईस अरनेटा मार्कोस और उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी आएगा, जिसमें कई कैबिनेट मंत्री, अन्य गणमान्य व्यक्ति, वरिष्ठ अधिकारी और व्यापार प्रतिनिधि शामिल होंगे.

## उत्तराखंड के 8.28 लाख किसानों को मिलेंगे 184 करोड़

**देहरादून 31 जुलाई.** प्रधानमंत्री द्वारा दो अगस्त को प्रदान की जाने वाली पीएम किसान सम्मान निधि की 20वीं किश्त के रूप में उत्तराखंड के 8,28,787 किसानों को लाभ मिलेगा. उन्हें कुल रुपए 184.25 करोड़ की धनराशि से लाभान्वित किया जायेगा. यह जानकारी राज्य के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने दी. उन्होंने बताया कि उत्तराखण्ड को पिछली 19 किश्तों में अभी तक कुल रुपए 3111.49 करोड़ की धनराशि वितरित की जा चुकी है. जोशी ने बताया कि आगामी 2 अगस्त को राज्य स्तरीय कार्यक्रम देहरादून में गढ़ी कैंट स्थित हरवंश कपूर मेमोरियल हॉल में आयोजित किया जायेगा.

# 100 मिलियन डॉलर का विमान तबाह

- इस साल दूसरी एफ-35 दुर्घटना, फिर खड़े हुए सवाल
- 'रफ रेडर्स' स्काड्रन का एफ-35 विमान क्रैश

**कैलिफोर्निया 31 जुलाई. नौसेना हवाई अड्डे (एनएएस) लेमूर के पास को अमेरिकी नौसेना का एफ-35 सी लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया.**

नौसेना के बयान के अनुसार, पायलट ने सुरक्षित रूप से इजेक्ट कर लिया और कोई अन्य कर्मी प्रभावित नहीं हुआ. दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू हो गई है. दुर्घटनाग्रस्त एफ-35 सी विमान स्ट्राइक फाइटर स्क्वाड्रन वी एफ ए-125, जिसे रफ रेडर्स के नाम से



जाना जाता है, को सौंपा गया था. यह स्क्वाड्रन पायलटों और एयरक्रू को प्रशिक्षण देने के लिए ज़िम्मेदार फ्लीट रिप्लेसमेंट स्क्वाड्रन है. लॉकहीड मार्टिन द्वारा निर्मित पांचवीं पीढ़ी का स्टील्थ लड़ाकू विमान है, जिसे विशेष रूप से विमानवाहक पोतों के लिए डिजाइन किया गया है. इसकी अनुमानित कीमत लगभग 100 मिलियन अमेरिकी डॉलर है. यह 2025 में एफ-35 की दूसरी दुर्घटना है. इससे पहले जनवरी में अलास्का के एयेल्सन एयरफोर्स बेस पर एक एफ-35 ए प्रशिक्षण मिशन के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हुआ था, जिसमें पायलट ने उड़ान के दौरान खराबी के बाद सुरक्षित रूप से इजेक्ट किया था. एफ-35 कार्यक्रम, जिसमें 17 से अधिक देश शामिल हैं, अपनी उन्नत स्टील्थ और लड़ाकू क्षमताओं के लिए जाना जाता है, लेकिन हाल के वर्षों में रखरखाव और तैयारी के मुद्दों को लेकर इसकी जांच तेज हुई है, नौसेना ने पुष्टि की है कि दुर्घटना की जांच चल रही है ताकि इसके कारणों का पता लगाया जा सके. एफ-35 अमेरिकी सेना के बेड़े का अभिन्न हिस्सा है और इस घटना ने इसके परिचालन और सुरक्षा मानकों पर फिर से सवाल उठाए हैं.